हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 26 फरवरी, 2016/7 फाल्गुन, 1937(शक्)

[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री].

कुल प्रश्न - 11

भूमि का चयन

1139 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कुल्लू में जेल के लिए भवन निर्माण हेतु सरकारी भूमि का चयन कर लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो चयनित भूमि का विवरण दें; और

(ग) सरकार क्या इस भवन निर्माण हेतु वर्ष 2015-16 के बजट से धनराशि उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

विद्युत परियोजनाओं का निर्माण

1140 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में जिला कुल्लू में मणीकरण, गड़सा, लग व सैंज घाटियों में अनेकों जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है; यदि हां, तो ब्यौरा परियोजनावार कम्पनियों के नाम तथा उनकी क्षमता सहित दें;

(ख) यह भी सत्य है कि इन कम्पनियों द्वारा भारी मशीनरी के ढुलान के कारण लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार विभिन्न परियोजनाओं की विद्युत क्षमता अनुसार उनसे सड़कों के रख-रखाव हेतु वित्तीय योगदान लेने पर विचार करेगी ?

बसों की संख्या

1141 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**ः

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में हिमाचल पथ परिवहन निगम के कुल्लू डिपो में विभिन्न बसों की स्वीकृत संख्या कितनी है;

(ख) बसों के अभाव में कौन-कौन से रूट लम्बित हैं; ब्यौरा कारण सहित नामवार दें; और

(ग) सरकार इस डिपो हेतु अतिरिक्त बसें कब तक उपलब्ध करवाने का विचार रखती है?

महाविद्यालय की स्थापना

1142 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने महाविद्यालय हैं; ब्यौरा महाविद्यालयों के नाम का विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें;

(ख) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31-01-2016 तक सरकार द्वारा कितने नए महाविद्यालय खोले गए; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ग) सरकार द्वारा और कितने नए महाविद्यालय खोले जाने प्रस्तावित हैं; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

पशुऔषधालय

1143 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जनवरी, 2016 तक प्रदेश में कितने पशु चिकित्सालय व पशु-औषधालय नये खोले/स्तरोन्नत किये गये; ब्यौरा नाम सहित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

सब-स्टेशन फोजल

1144 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार ने मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के फोजल में 100 MW के सब-स्टेशन का निर्माण कार्य आरम्भ कर दिया है; यदि हां, तो कब और इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

सड़कों का निर्माण

1145 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में मनाली व कुल्लू विधान सभा चुनाव क्षेत्रों की 31-01-2016 तक कितनी-कितनी सड़कें एवं पुल विधायक प्राथमिकता और प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत लाई गई; ब्यौरा सड़कवार दें;

(ख) इनमें से किन-किन सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है; ब्यौरा दें; और

(ग) इनमें कौन सी सड़कें ऐसी हैं जिनकी आज तक डी0पी0आर0 नहीं बन पाई; ब्यौरा दें?

बसों के रूट

1146 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि मनाली से कुल्लू व कुल्लू से मनाली के लिए लेफ्ट बैंक और राईट बैंक से हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों और निजी बसों के कितने-कितने रूट चल रहे हैं; ब्यौरा उनकी समयसारिणी सहित दें?

मण्डल कार्यालय की स्थापना

1147 श्री हंस राज (चुराह):

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग का मंडल कार्यालय खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कहां; और

(ख) सरकार क्या प्रदेश में विभाग की खराब पड़ी मशीनों की मरम्मत करने के लिए कदम उठा रही है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

आधुनिक पाठशालाओं की स्थापना

1148 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने Modern स्कूल खोले गए हैं और स्कूल खोलने के क्या मापदण्ड हैं;

(ख) जिला चम्बा में कितने ऐसे स्कूल खोले गए हैं; ब्यौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्रवार दें; और

(ग) चुराह का Modern स्कूल जो खुशनागरी पंचायत में है, के भवन निर्माण हेतु विभाग द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें ?

हवाई उड़ान

1149 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत दो वर्षों में चम्बा से पांगी को कितनी हवाई उड़ानें भरी गई; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004.
दिनांकः 10 फरवरी, 2016.

सुन्दर सिंह वर्मा,
सचिव।